# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/10017

दिनांक : 24.12.2025

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय पत्र संख्या परीक्षा/डी0आर0/10003 दिनांक 16.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करे जिसके माध्यम से सत्र 2025–26 में समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित स्नातक छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 23.12.2025 निर्धारित की गयी थी। कतिपय छात्र/छात्रा जो परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये है, के हितो के दृष्टिगत परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है।

| क्र0सं0 | समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने हेतु विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | छात्रों द्वारा समर्थ पोर्टल पर परीक्षा फार्म की ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि– | 17.12.2025 |
| 2 | छात्रों के द्वारा परीक्षा फार्म की ऑन–लाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि– | 01.01.2026 |
| 3 | महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन सत्यापन (कन्फर्म) कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 02.01.2026 |
| 4 | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा नॉमिनल रोल (NR) सहित परीक्षा फार्म (NR के क्रमानुसार) विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा कराये जाने की अन्तिम तिथि– | 05.01.2026 |

तीन वर्षीय एलएल0बी0 (LLB) प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भी लाइव है, छात्र/छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त तिथियों में परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें। शेष परास्नातक पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरने हेतु अलग से विज्ञप्ति निर्गत की जायेगी।

**विशेष नोटः–**

ऐसे छात्र/छात्रा जिनके आधार कार्ड में त्रुटिपूर्ण जन्म तिथि अंकित होने के कारण अपार आई0डी0 नहीं बन पा रही है, के परीक्षा फार्म महाविद्यालय द्वारा अस्वीकार नहीं किये जायेगें। महाविद्यालय सभी अर्ह छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म जिनका परीक्षा शुल्क जमा हो गया है, निर्धारित समय से अंतर्गत सत्यापित करना सुनिश्चित करें।

तथापि ऐसे छात्र/छात्रा जिनके समर्थ लॉगिन पर अपार आई0डी0 दर्ज नहीं होगी, के परीक्षा परिणाम निरूद्ध (Detain) रहेगे। अतः ऐसे छात्र/छात्रा जिनके आधार कार्ड में त्रुटि है आवश्यक संशोधन कराते हुए अपनी अपार आई0डी0 समर्थ पोर्टल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में किसी असुविधा का सामना न करना पडे।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि :–**

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक, समस्त परीक्षा केन्द्रों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

5. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. सहा0 कुलसचिव (गोपनीय) / समन्वयक रिजल्ट सेल / प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र को सूचनार्थ।
7. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग / कमेटी सैल / बी0एड0 सैल / व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

उप कुलसचिव (परीक्षा)